DAV BR PUBLIC SCHOOL, BINA
HALF YEARLY EXAMINATION SESSION 2024-25
PRACTICE PAPER

Class : VII **Subject: HINDI**
Time Allowed: 2hrs **MM: 50**

सामान्य निर्देश :-

१. इस प्रश्नखंड क | खंड हैं ४ पत्र में कुल-, ख, ग, तथा घ |
२. सभी खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
३. उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम लिखें जो प्रश्नपत्र में - | दिए गए हैं

खंड (क) **अंक-**

प्रश्न(१- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **१x५=५**

भारत में गुरु – शिष्य संबंध का वह भव्य रूप आज साधुओं, पहलवानों और संगीतकारों में थोड़ा ही सही, पाया जाता है | भगवान रामकृष्ण वर्षों योग्य शिष्य पाने के लिए प्रार्थना करते रहे | उनके जैसे व्यक्ति को भी उत्तम शिष्य के लिए रो – रो कर प्रार्थना करनी पड़ी | इसी से समझा आ सकता है कि एक गुरु के लिए एक उत्तम शिष्य कितना महँगा और महत्त्वपूर्ण है | संतानहीन रहना उन्हें दुख नहीं देता पर बगैर शिष्य के रहने के लिए वे एकदम तैयार नहीं होते | इस संबंध में भगवान ईशा का एक कथन सदा स्मरणीय है | उन्होंने कहा था, "मैं तुमसे सच– सच कहता हूँ कि जो मुझ पर विश्वास रखता है,ये काम जो मैं करता हूँ वह भी करेगा, वरन् इससे भी बड़े काम करेगा, क्योंकि मैं पिता के पास जाता हूँ |'' यही बात है, गाँधी जी बनने की क्षमता जिनमें है,जिन्हें गाँधी जी अच्छे लगते हैं और वे ही उनके पीछे चलते हैं | विवेकानंद की रचना सिर्फ उन्हें पसंद आएगी जिनमें विवेकानंद बनने के अद्भुद शक्ति निहित है |

1) भारत में आज भी साधुओं, पहलवानों और संगीतकारों में किस परंपरा का भव्य रूप पाया जाता है ?

2) भगवान रामकृष्ण ने वर्षों किसलिए प्रार्थना की ?

3) भगवान ईशा का कौन सा कथन स्मरणीय है ?

4) जिन्हें गाँधी जी अच्छे लगते हैं, वे क्या करते हैं ?

5) विवेकानंद की रचना किसे पसंद आएगी ?

प्रश्न -2) निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

उगता – ढलता रहता सूरज,

जिसका साक्षी नीलगगन है |

आसमान को छूने वाली,

वे ऊँची – ऊँची मीनारें |

मिट्टी में मिल जाती हैं वे, १x५=५

छिन जाते है सभी सहारे ।

दूर तलक धरती की गाथा,

मौन मुखर कहता कण – कण है ।

यदि तुमको मुस्कान मिली तो,

मुसकाओ सबके संग जाकर ।

1) उगते ढलते सूरज का साक्षी कौन है ?

2) आसमान को कौन छू रहा है ?

3) धरती की गाथा कौन गाता है ?

4) मिट्टी में क्या मिल जाता है ?

5) उपरोक्त काव्यान्श में से कोई दो युग्म शब्द छाँटकर लिखिए ।

खंड (ख) –

व्यावहारिक व्याकरण

प्रश्न ३- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर | निर्देशानुसार लिखिए / १x१=१०

i) जिन वर्णों के उच्चारण में हवा अधिक मात्रा में निकलती हैं उन्हें क्या कहते हैं ?

क) अल्प प्राण गमहाप्राण (

ख) संयुक्त व्यंजन घद्वित्व व्यंजन (

ii) निम्न में से ‘दैत्य? शब्द के पर्यायवाची शब्द कौन से हैं ’

क) दृग ,लोचन गराक्षस ,असुर (

ख) अहि ,व्याल घ (अम्बर ,पट

iii) जब कर्ता स्वयं काम न करके किसी दूसरे से काम करवाता है तो वे क्रियाएँ क्या कहलाती हैं ?

क) सकर्मक क्रिया गअकर्मक क्रिया (

ख) रंजक क्रिया घप्रेरणार्थक क्रिया (

iv) निम्न लिखित में से पंचम वर्ण कौन सा है ?

क) ट ग (ग

ख) न घ (प

v) निम्न में से व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण है ?

क) पुस्तक ग (देश

ख) भोपाल घ (पशु

vi) नीचे दिए गए वाक्य का बहुवचन रूप लिखिए |

वह पतंग उड़ा रहा है |

vii) नीचे दिए गए शब्दों में ‘साँप’ का पर्यायवाची है |

क) अश्रु ग) अहि

ख) असुर घ) दृग

viii) नीचे दिए गए शब्दों ‘उत्कर्ष’ का विलोम है |

क) आकर्ष ग) अतिकर्ष

ख) अपकर्ष घ) विकर्ष

ix) नीचे दिए गए शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए |

क) वीर ख (सुनार

x) ‘मैं अपना काम स्वयं कर लूँगा |’ प्रयुक्त वाक्य में सर्वनाम का भेद बताइये |

क) निश्चयवाचक ग) अनिश्चय वाचक

ख) निजवाचक घ) पुरुषवाचक

खंड (ग)

प्रश्न ४-	**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ४ प्रश्नों के उत्तर २५- शब्दों में लिखिए ३०-**	२x४=८
क(	सयाल ने निर्मला को भाग जाने को क्यों कहा?	
ख)	लेखक ने सज्जन को क्या काम करने को कहा और क्यों ?	
ग)	वर्षा ऋतु में क्या ? क्या होता है-	
घ)	स्वामीनाथन को ऐसा क्यों लगा कि पिताजी का मिजाज़ खराब होता जा रहा है ?	
ड(.	'हिलेरी की चिमनी लेखक के लिए चिंता का विषय क्यों थी ?	
च (	तन्मय ने दुकानदार का हाथ क्यों पकड़ रखा था ?	
प्रश्न५-	**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ३ प्रश्नों के उत्तर ४०शब्दों ५०- में लिखिए -**	३x३=९
क)	राकेश ने नाटक को किसप्रकार संभाला ?	
ख)	दुकानदार ने अपनी खीझ किस पर निकाली और क्यों ?	
ग)	लेखक उस सज्जन से क्यों नहीं मिलना चाहते थे ?	
घ)	'समय' कविता के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहते हैं ?	
ड(.	राकेश को अपने साथियों के किस बुद्धूपन से डर था?	
प्रश्न६-	गुस्से या क्रोध को शांत करने के लिए हमें क्या करना चाहिए ?	१x३ ३=
	अथवा	
	आपको कौन सा त्योहार अच्छा लगता है और उससे आपको क्या प्रेरणा मिलती है ? यह भी बताइये कि आप उसे किस प्रकार मनाते हैं ?	

खंड (घ)

प्रश्न७-	**निम्न में से किसी एक विषय पर | शब्दों में अनुच्छेद लिखिए (१००-८०)**	५
क(	विज्ञान वरदान या अभिशाप	
ख(	हमारा भारत वर्ष	
ग(	विद्यार्थी और अनुशासन	
प्रश्न८-	**अपने क्षेत्र की गन्दगी साफ़ करवाने हेतु स्वास्थ्य अधिकारी को एक प्रार्थना पत्र लिखिए |**	५
	अथवा	
	दीपावली पर पटाखे न जलाने का सन्देश देते हुए एक पोस्टर बनाइये |	

****